50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 4.3 °c | अधिकतम 22.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन


सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 | संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:07, सूर्यास्त : 5:23 | वर्ष : 50/ अंक : 346 | शनिवार, 17 दिसम्बर 2022 | पौष, कृष्ण पक्ष, नवमी, | सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

**आज की अमृतवाणी**

किसी की मजबूरियों पर मत हँसिए,
कोई मजबूरियां खरीदकर नहीं लाता,
डरिये वक्त की मार से क्यूंकि बुरा वक्त,
किसी को बता कर नहीं आता।

दिखावे के निवेश से प्रदेश का विकास नहीं होगा : अखिलेश यादव



इस बात की गंभीरता को समझना चाहिए......

# रजिस्ट्री ऑफिस पर गिफ्ट डीड का लाभ लेने को लगा मेला

- पारिवारिक सदस्यों के बीच संपत्ति लेन देन में निबंधक शुल्क से मिल रही है छूट
- रजिस्ट्री के लिए दो दिन के लिए बढ़ाया गया है दो-दो घंटे का अतिरिक्त समय
- सरकार की दान विलेख (गिफ्ट डीड) योजना की शनिवार को है अंतिम तारीख



**मुजफ्फरनगर, 16 दिसंबर (बु.)।** रक्त संबंधी मामलों से जुड़ी रजिस्ट्री में स्टाम्प की भारी छूट का लाभ लेने के लिए रजिस्ट्रार ऑफिस पर शुक्रवार रात तक लोगों का मेला लगा रहा। शनिवार को योजना की अंतिम तारीख होने के कारण सहायक निबंधक ने रजिस्ट्री का समय शाम पांच बजे से बढ़ाकर सात बजे तक किया है, जिस कारण सैंकड़ों की संख्या में लोग अपनी बारी का इंतजार करते नजर आये। कल (आज) भी यही नजारा देखने को मिलने वाला है।

योगी सरकार ने पारिवारिक सदस्यों के बीच संपत्ति के बंटवारे के लिए संबंधित सदस्यों के पक्ष में दान विलेख (गिफ्ट डीड) पर भारी भरकम स्टाम्प शुल्क की छूट दी थी। सरकार ने खून के रिश्तों पिता, माता, पति, पत्नी, पुत्र, पुत्री, पुत्रवधु, दामाद, सगा भाई, सगी बहन को दान करने अथवा रजिस्ट्री जैसे प्रकरणों में स्टाम्प ड्यूटी को घटाकर सिर्फ पांच हजार रुपये कर दिया था। ऐसे में संपत्ति चाहे एक लाख की हो या फिर एक करोड़ की हो, जबकि पहले संपत्ति के मूल्य का आठ प्रतिशत तक स्टाम्प ड्यूटी देने का प्रावधान था।

गिफ्ट डीड की योजना कल शनिवार को समाप्त हो रही है। ऐसे में पारिवारिक रिश्तों में जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए लोगों में होड़ मची है। हर कोई इस योजना का लाभ उठाकर स्टाम्प ड्यूटी की छूट पाना चाहता है। रजिस्ट्री ऑफिस पर भीड़ बढ़ने के कारण रजिस्ट्रार ने भी रजिस्ट्री की समय सीमा बढ़ा दी है। पहले शाम पांच बजे तक रजिस्ट्री का समय निर्धारित था, लेकिन शुक्रवार और शनिवार को यह समय बढ़ाकर रात सात बजे तक कर दिया गया है। शुक्रवार को सुबह से ही रजिस्ट्री कराने वालों की लंबी कतार लगनी शुरू हो गई थी, जो रात तक जारी रही। रजिस्ट्री कराने के लिए रात तक सैंकड़ों परिवार यहां डेरा डाले हुए थे। कोई अपने भाई, तो कोई बहन, तो कोई अपनी मां के नाम संपत्ति की रजिस्ट्री कराने आया हुआ था। हर कोई इस योजना का लाभ पाने को लालायित नजर आया। अधिवक्ता विनोद शर्मा का कहना है कि सरकार की इस योजना के आने के कारण तहसील में गिफ्ट डीड कराने वालों की भीड़ से करीब 20 से 25 प्रतिशत रजिस्ट्री बढ़ गई हैं। यह योजना शनिवार को समाप्त होने वाली है। सैदपुर कलां के निवासी अफजाल का कहना है कि सुबह से ही अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि भीड़ ज्यादा होने के कारण यहां पर रात तक उनका नम्बर नहीं आया है। उनकी एक बहन दूसरे बहन को भूमि दान कर रही है, क्योंकि योगी सरकार की इस योजना में स्टाम्प शुल्क में काफी छूट दी गयी है। इसलिए परिवार के लोग इसका लाभ लेने आये हैं। काजी मुहम्मद मुजम्मिल एडवोकेट ने कहा कि गिफ्ट डीड का न केवल आम लोग, बल्कि सरकार को भी बड़ा फायदा हो रहा है, क्योंकि राजस्व में कई गुना वृद्धि हुई है। रजिस्ट्री ऑफिस के बाहर मेला इसी कारण लगा हुआ है। क्योंकि स्टाम्प शुल्क में सरकार ने काफी छूट दी है, केवल पांच हजार रुपये के स्टाम्प पर रजिस्ट्री हो रही है। जाहिर है कि सरकार की यह योजना शनिवार को समाप्त होने जा रही है, तो कल (आज) भी यहां रजिस्ट्री कराने वालों का मेला लगना स्वाभाविक है।

## रजिस्ट्री योजना पर बोले ये....







# फिर से चेयरमैनी कब्जाने की छटपटाहट, अंजू अग्रवाल के तीखे हुए अंदाज

- फिर से कुर्सी पर आने के बाद सिटी मजिस्ट्रेट के फैसले पलटने में जुटी चेयरमैन
- मंत्री कपिलदेव अग्रवाल के खिलाफ मोर्चे के बाद बदले कई लिपिक
- ओमवीर सिंह को कार्यालय अधीक्षक पद से हटाकर भेजा तहसील
- तहसील से अपने जी हुजूरों को वापस बुलाया नगर पालिका

**मुजफ्फरनगर, 16 दिसंबर (बु.)।** नगर पालिका में चल रही उठापटक के बीच हाईकोर्ट के आदेश के बाद पालिका में अपनी ताकत पाने की कोशिश में जुटी पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल की निगाह जहां पालिका के खजाने पर है, वहीं वे खुल कर मैदान में आकर प्रदेश के राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल के चहेतों को ठिकाने लगाने में जुट गई हैं। ऐसे में उन्होंने आज पालिका पहुंच कर ऐसे लिपिकों को इधर उधर करने के आदेश दिए, जिन्हें उनके बर्खास्त रहते जिम्मेदारी दी गई थी। इसके तहत उनके हटने के बाद पालिका में अधीक्षक बने ओमवीर सिंह पर उनकी कलम सबसे पहले चली और उन्हें तहसील भेजने के बाद अपने चहेतों को तहसील से पालिका वापस बुला लिया।

पालिका में सत्ता संघर्ष के बीच चेयरमैन की छटपटाहट आज नजर आई। आज उन्होंने पालिका कार्यालय पहुंच कर नगर मजिस्ट्रेट और ईओ द्वारा पिछले दिनों किए गए फैसलों पर कुल्हाड़ा चलाने का काम शुरू कर दिया। इनमें सबसे पहले उन्होंने अपने विरोधी खेमे पर तलवार चलाई। उन्होंने पालिका में सिटी मजिस्ट्रेट के प्रशासक रहते प्रभारी कार्यालय अधीक्षक बनाए गए लिपिक ओमवीर सिंह को पद से मुक्त करने के साथ ही राजस्व निरीक्षक पारुल यादव को कार्यालय अधीक्षक पद पर तैनात करने के आदेश जारी किए। उन्होंने ओमवीर सिंह को चुनावी कार्य के लिए तहसील भेजने के आदेश भी दिए। ओमवीर सिंह को तहसील सदर से संबद्ध करने के साथ उन्होंने पालिका के निर्माण विभाग एवं प्रभारी कार्यालय अधीक्षक के समस्त दायित्वों से मुक्त करने के आदेश दिए। अंजू अग्रवाल ने अपने चहेते लिपिक मनोज पाल और अशोक पाल की तहसील में निर्वाचन कार्यों में लगाई गई ड्यूटी को निरस्त करते हुए उनको वापस पालिका में अपने संबंधित पटल पर कार्यभार संभालने के लिए आदेश जारी किए हैं। अंजू अग्रवाल की बर्खास्तगी के बाद सिटी मजिस्ट्रेट के प्रशासक रहते अधिशासी अधिकारी हेमराज सिंह ने 22 नवम्बर को आदेश जारी कर खतौली उपचुनाव के लिए लिपिक मनोज पाल और अशोक पाल को तहसील सदर स्थानांतरित किया था। उनका कार्य अतिरिक्त रूप से लिपिक संदीप यादव और मोहन कुमार को सौंपा गया था। पालिकाध्यक्ष ने मनोज व अशोक के स्थान पर वर्तमान में पालिका के कार्यवाहक कार्यालय अधीक्षक ओमवीर सिंह और मौ. सालिम को तहसील सदर मे निर्वाचन कार्यों के लिए भेजे जाने का आदेश जारी किया है। उन्होंने आदेश में कहा कि 28 नवम्बर 2020 को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के आदेश पर नगरपालिका कन्या इंटर कॉलेज में तैनाती के दौरान ओमवीर और सालिम को तहसील सदर भेजा गया था। ओमवीर सिंह को कार्यालय अधीक्षक के पदीय दायित्वों और लिपिक निर्माण विभाग के दायित्व से तत्काल मुक्त किया जाता है। पालिकाध्यक्ष की आज की कार्रवाई के दौरान अधिशासी अधिकारी तो मौजूद नहीं थे, लेकिन अंजू अग्रवाल के चहेते स्टेनो गोपाल त्यागी उनके साथ छुट्टी से वापस लौट आए। चेयरमैन ने पालिका पहुंचने के बाद इस बात की भी जानकारी ली कि कहीं उनके पीछे पालिका के खजाने में कर आदि से आए 73 करोड़ तो ठिकाने नहीं लग गए हैं। पालिका की कुर्सी पाने के बाद ईओ के अभी तक नदारद रहने और वित्तीय अधिकार ना मिलने की छटपटाहट के बीच लगा कि चेयरमैन का भाजपा से मोह भंग हो चुका है। आज यह अफवाहें भी उड़ती रहीं कि अंजू अग्रवाल पालिका चुनाव में आम आदमी पार्टी के टिकट पर मैदान में कूदने की तैयारी कर रही हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में भाजपा और इसके नेताओं से मोह भंग होने के बाद उनके तेवर और तीखे होने की उम्मीद है। ऐसे में अभी पालिका में कई रंग देखने को मिलेंगे।

# हरेन्द्र मलिक और पंकज मलिक भी पहुंचे रजिस्ट्री कराने तहसील



मुजफ्फरनगर, 16 दिसम्बर (बु.)। सरकार द्वारा पारिवारिक रजिस्ट्रियों पर दी जा रही रियायत का लाभ उठाने आज पूर्व सांसद हरेन्द्र मलिक व उनके विधायक पुत्र पंकज मलिक भी रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचे तथा उन्होंने एक पारिवारिक रजिस्ट्री कराई। शासन द्वारा रक्त सम्बन्धों में रजिस्ट्री को लेकर दी गयी छूट की अवधि पूरी होने का समय नजदीक आते ही रजिस्ट्री कराने के लिए मारामारी के बीच आज पूर्व सांसद हरेन्द्र मलिक व विधायक पंकज मलिक भी रजिस्ट्री कार्यालय में नजर आये। बताया जाता है कि उन्होंने इस योजना का लाभ उठाते हुए एक पारिवारिक रजिस्ट्री कराई।

# जयंत की रैली को लेकर प्रशासन व रालोद में ठनी

- डीएम ने दिया खतौली विजय पर भाईचारा सम्मेलन को अनुमति देने से इंकार
- जिलाधिकारी से मिलने गए सपा व रालोद नेताओं को खाली हाथ लौटाया
- रालोद व सपा नेताओं ने कहा कि निर्धारित समय व स्थान पर होगा आयोजन



**मुजफ्फरनगर, 16 दिसंबर (बु.)।** मंडी समिति खतौली से अनुमति और निर्धारित शुल्क की रसीद कटने के बावजूद जिलाधिकारी द्वारा खतौली में 18 दिसंबर को जयंत चौधरी के भाईचारा सम्मेलन को अनुमति ना दिए जाने के बाद रालोद और सपा नेताओं ने निर्धारित समय पर उसी स्थान पर धन्यवाद सभा करने का ऐलान किया है। इसे देखते हुए लग रहा है कि प्रशासन और रालोद-सपा गठबंधन में फिर टकराव के हालात पैदा हो गए हैं।

खतौली विधानसभा चुनावों में रालोद प्रत्याशी की विजय के बाद से ही प्रशासन रालोद के आयोजनों को रोक रहा है। विजय के बाद पार्टी कार्यालय पर आ रहे विधायक मदन भैया को यह कहते हुए खतौली में जिले की सीमा पर रोक दिया गया था कि इतनी भीड़ के साथ उन्हें आगे नहीं जाने दिया जाएगा। इसके बाद रालोद ने 18 दिसंबर को खतौली में मंडी समिति मैदान पर धन्यवाद सभा के रूप में भाईचारा रैली करने का ऐलान किया था। रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक ने बताया कि इस सभा के लिए उनकी तरफ से किए गए आवेदन पर तमाम निचले स्तर की कार्रवाई के बाद मंडी समिति ने आयोजन को अनुमति दे दी थी। इसके लिए निर्धारित 51 सौ रुपये के शुल्क की रसीद भी कटवा ली गई थी। आज अचानक जिला प्रशासन ने इस आयोजन को अनुमति देने से इंकार कर दिया। इसके बाद रालोद और सपा नेताओं में खलबली मच गई। रालोद व समाजवादी पार्टी के नेता इस मुद्दे को लेकर जिलाधिकारी से मिले। संदीप मलिक ने बताया कि डीएम ने साफ कह दिया कि किसी भी कीमत पर खतौली मंडी समिति में रालोद की भाईचारा रैली का अनुमति नहीं दी जाएगी। डीएम से मिलने वालों में रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक के अलावा सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी, विधायक राजपाल बालियान, चंदन चौहान, अनिल कुमार, प्रदेश सचिव अजित राठी, पूर्व मंत्री योगराज सिंह, प्रभात तोमर, संजय राठी, सुधीर भारतीय आदि शामिल थे। डीएम द्वारा उक्त सभा के आयोजन को अनुमति देने से इंकार के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक रालोद कार्यालय पर हुई। मामले पर रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी से भी चर्चा की गई। इसके बाद रालोद नेताओं ने ऐलान किया कि रैली की अनुमति के लिए सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। इसके लिए निर्धारित शुल्क की रसीद भी कटवा ली गई है। अब हर हाल में जयंत चौधरी का भाईचारा सम्मेलन धन्यवाद सभा निर्धारित समय और स्थान खतौली मंडी समिति मैदान पर आयोजित की जाएगी। रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक ने कहा कि प्रशासन सत्ता के नेताओं के दबाव में उनके आयोजन को अनुमति ना देकर लोकतांत्रिक व्यवस्था की हत्या करने में लगा है। रालोद, सपा और आसपा गठबंधन इस कोशिश को किसी भी तरह से सफल नहीं होने देगा, बल्कि प्रशासन की इस कार्रवाई से कार्यकर्ताओं का जोश और बढ़ गया है। अगर कार्यकर्ताओं को रोकने की कोशिश की गई तो इसके अच्छे परिणाम नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता रालोद गठबंधन के बढ़ते प्रभाव से हताश होकर इस तरह के काम कर रहे हैं।

## भाजपा आज फूंकेगी बिलावल भुट्टो का पुतला

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के विवादित बयान को लेकर भाजपा ने नाराजगी जताई है। भाजपा ने कहा है कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री का बयान "बेहद शर्मनाक और अपमानजनक"है। इतना ही नहीं भाजपा ने इस मुद्दे पर शनिवार को देशभर में उग्र प्रदर्शन करने का फैसला किया है। शुक्रवार को भाजपा कार्यकताओं ने राजधानी दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

## शीतकालीन अवकाश में सुप्रीम कोर्ट की कोई बेंच नहीं करेगी काम

नई दिल्ली । इस बार सुप्रीम कोर्ट में शीतकालीन अवकाश के दौरान कोई पीठ तात्कालिक मामलों की सुनवाई के लिए मौजूद नहीं रहेगी। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को यह बड़ा एलान किया। शीर्ष अदालत में 17 दिसंबर से 1 जनवरी तक अवकाश रहेगा।

## सड़क हादसों में एक युवक की मौत, दो की हालत गम्भीर

**मुजफ्फरनगर, 16 दिसंबर (बु.)।** अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भिजवा दिया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि जानसठ थाना क्षेत्र के गांव खेडा निवासी रामे पुत्र मलखान सिंह बीती रात बाईक पर सवार होकर अपने घर जा रहा था। सिखेड़ा के पास हुए सड़क हादसे में वह गम्भीर रूप से घायल हो गया, उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके अलावा नई मंडी थाना क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। नई मंडी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में गांव मखियाली निवासी संजय कुमार ने बताया कि उसके पिता धर्मपाल साईकिल पर सवार होकर किसी कार्य से मुजफ्फरनगर जा रहे थे। भोपा रोड़ बिजली घर के सामने तेज रफ्तार से आये ट्रक ने उनकी साईकिल में टक्कर में मार दी, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये, उन्हें उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनकी गम्भीर हालत को देखते हुए उन्हें रैफर कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। एक अन्य घटना में नई मंडी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में गांव बिलासपुर निवासी मोहर्रम पुत्र रशीद ने बताया कि उसका भांजा नफीस पुत्र गफूर कूकड़ा से पैदल ही बिलासपुर आ रहा था। बाईपास पर रामपुर तिराहे की ओर से आई क्रेन ने उसके भांजे को टक्कर मार दी, जिससे उसका भांजा गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल का जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है।

## निकाय चुनाव को लेकर रालोद ने प्रत्याशी चयन कार्य रोका

**मुजफ्फरनगर, 16 दिसंबर (बु.)।** रालोद ने निकाय चुनाव के आवेदन और प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया पर रोक लगाई है। हाईकोर्ट के निकाय चुनाव की अधिसूचना पर 20 दिसंबर तक रोक के चलते फैसला लिया गया है। आरएलडी मुखिया जयंत चौधरी ने ये फैसला लिया है। वहीं रालोद की 19 दिसंबर को होने वाली समन्वय समिति की बैठक भी रद्द की गई है। 19 दिसम्बर को आरएलडी, सपा और आजाद समाज पार्टी की समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक होनी थी। आरएलडी अब 20 दिसंबर के बाद कोई निर्णय करेगा। आवेदन समिति ने इसका पत्र जारी कर दिया है। ज्ञात रहे कि रालोद ने निकाय चुनाव के लिए सभी निकायों में इच्छुक पार्टी कार्यकर्ताओं से अपने आवेदन देने के लिए कहा था। कुछ लोगों ने अपने आवेदन दिये भी हैं। हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब रालोद ने चयन प्रक्रिया रोकने का ऐलान किया है।

# शाहपुर में बंदरों के हमले में पैंतीस वर्षीय महिला की दर्दनाक मौत, कोहराम मचा

- मकान की छत पर कपड़े सुखाने गई थी ममता सैनी
- बंदरों ने हमला किया तो सिर के बल घर के आंगन में जा गिरी





**शाहपुर, 16 दिसंबर (बु.)।** कस्बे के मौहल्ला गोकुलपुर में छत पर कपड़े सुखाने गई महिला पर बंदरों ने हमला कर दिया, जिससे वह नीचे गिर गई और उसकी मौत हो गई । सूचना पर मृतका के परिजन मौके पर पहुंचे और उन्होंने जमकर हंगामा किया बाद में कस्बे व मौहल्लेवासियों द्वारा समझाने पर वह शांत हो गए। कस्बे के मौहल्ला गोकुलपुर निवासी 35 वर्षीय ममता सैनी पत्नी गोपाल सैनी दोपहर के समय मकान की छत पर कपड़े सुखाने गई थी, जब वह कपड़े सुखा रही थी तो अचानक उस पर बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया, जैसे ही वह बंदरों के हमले से बचने के लिए पीछे को चली तो अचानक आंगन की मुंडेर से वह टकरा गई और असंतुलित होकर घर के आंगन में सिर के बल गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसकी चीख पुकार की आवाज सुनकर अन्य परिजन व आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और गंभीर घायल महिला को लेकर कस्बे के एक निजी अस्पताल में पहुंचे किंतु गम्भीर घायल महिला की हालत देखकर चिकित्सकों ने जिला मुख्यालय रेफर कर दिया गया, जब परिजन गम्भीर घायल महिला को लेकर जिला मुख्यालय जा रहे थे, रास्ते में ही घायल महिला ने दम तोड़ दिया, जिसके बाद परिजन मृतक महिला को वापस घर ले आए । परिजनों ने मृतक महिला के मायके वालों को घटना की सूचना दी । घटना की सूचना पर महिला के मायके से काफी लोग मौके पर पहुंचे और मृतका के भाइयों ने अपनी बहन की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए घंटों हंगामा किया । सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और उन्होंने मृतका के परिजनों से घटना के सम्बन्ध में तहरीर दिए जाने की बात कही । मौके पर मौजूद चेयरमैन प्रमेश सैनी, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी , भाजपा नेता उमेश मित्तल, अनिल बंसल आढती सतीश सैनी, चतर सैन सैनी, पूर्व सभासद विक्रम सैनी, मनोज सैनी सहित मौहल्लेवासियों ने मृतका के भाइयो व अन्य परिजनों से वार्ता की । जिसके बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया और मृतका के परिजन शांत हो गए । मृतका के परिजनों ने मौके पर मौजूद पुलिस से कोई भी कार्यवाही करने से इंकार कर दिया । जिसके बाद पुलिस ने केवल मृतका के शव का पंचनामा भरा है । देर शाम गमगीन माहौल में मृतका का अंतिम संस्कार शाहपुर श्मशान घाट में कर दिया गया।

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥

रस्म पगड़ी



(12.01.1949 - 06.12.2022)

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि
हमारे पूज्यनीय
श्री सुंदर लाल बिंदल
का स्वर्गवास मंगलवार 06 दिसम्बर 2022 को हो गया है।
रस्म पगड़ी रविवार 18 दिसम्बर 2022 को होनी निश्चित है।

कार्यक्रम
रविवार, 18 दिसम्बर 2022
हवन ........................ प्रात: 9 बजे
ब्रह्मभोज ........................ दोपहर 12 बजे
भजन ........................ दोपहर 2 से 3 बजे
रस्म पगड़ी ........................ सायं 3 से

स्थान : होटल डी रोज़ (Hotel D Roses), 104, करिअप्पा रोड,
मेरठ कैंट, सैंट मैरी स्कूल के सामने, मेरठ
https://goo.gl/maps/2psErwQrbCxeh6u48

सम्पर्क सूत्र :
निधिश 9720700800 | सर्वम 9719648999 | अमित 9927039494

श्रद्धानवत :– आशुतोष बिंदल (पुत्र)
निवेदक : समस्त बिंदल परिवार Bindals





1973-2022

सम्पादक की क़लम से

# भारत जोड़ो यात्रा या विरोध

भारत जोड़ो यात्रा और राहुल गाँधी के गेटअप का इन दिनों काफी चर्चा है। भारत जोड़ो यात्रा के कल 100 दिन पूरे हो गए हैं। यूट्यूब पर अपने विचारों को लेकर वीडियो अपलोड करने वाले कई लोगों ने इस यात्रा को मोदी विरोधियों की यात्रा कहा है। कुछ ने तो इसे भारत विरोध यात्रा भी कहा है। राहुल गांधी ने सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से इस यात्रा की शुरुआत की थी। वो कई राज्यों से होते हुए फिलहाल राजस्थान में हैं, करीब 3,750 किलोमीटर की यात्रा करने के बाद संभवत: फरवरी में राहुल कश्मीर पहुंचेंगे, जहां यात्रा समाप्त होगी। राहुल गांधी की इस यात्रा के दौरान समाज के अलग-अलग हिस्सों के लोग शामिल हो रहे हैं। इस यात्रा में स्वरा भास्कर, पूजा भट्ट, रिया सेन और आनंद पटवर्धन शामिल हुए। सामाजिक कार्यकर्ता अरुणा रॉय भी शामिल हुईं और तेलंगाना में रोहित वेमुला की मां भी शामिल हुईं, शिवसेना के आदित्य ठाकरे और महात्मा गांधी के पड़पोते तुषार गांधी भी शामिल हुए। कॉमेडियन कुणाल कामरा भी राहुल गांधी के साथ चले हैं। अब तक जो लोग इस यात्रा में शामिल हुए हैं, उनमें शायद सबसे ज्यादा चर्चा स्वरा भास्कर और आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन की हो रही है। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' पर हमला करते हुए कहा कि यह 'भारत तोड़ो यात्रा' है। नड्डा ने कहा, यह एक प्रायश्चित यात्रा है, क्योंकि राहुल गांधी के पूर्वजों ने भारत को तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। इस यात्रा के दौरान गुजरात और हिमाचल में विधानसभा चुनाव, दिल्ली में एमसीडी चुनाव, लोकसभा की एक और पांच राज्यों में विधानसभा की छह सीटों के लिए उपचुनाव भी हुए। गुजरात में बीजेपी ने जहां अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज की वहीं, कांग्रेस को राज्य में अब तक की सबसे बुरी हार का सामना करना पड़ा। हिमाचल में कांग्रेस सरकार बनाने में जरूर कामयाब हो गई, लेकिन दिल्ली के एमसीडी चुनाव में भी उसका अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन रहा। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हुए उपचुनाव में कांग्रेस को जीत हासिल हुई। सवाल उठ रहा है कि क्या इन चुनावी नतीजों को राहुल गांधी की यात्रा से जोड़कर देखा जाना चाहिए ? इसका जवाब खुद कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान दिया। उन्होंने कहा कि 'भारत जोड़ो यात्रा','चुनाव जीतो' या 'चुनाव जिताओ यात्रा' नहीं है। जयराम रमेश ने इसी दौरान आगे कहा कि यात्रा का एक उद्देश्य यह जरूर है कि कांग्रेस संगठन को मजबूत किया जाए, उसे संजीवनी दी जाए। राजस्थान के दौसा में राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पहुंचे। वह एक किसान के घर रुके और हाथ से चलने वाली मशीन से चारा काटा। राहुल गांधी ने अपने ट्विटर हैंडल पर तस्वीर साझा करते हुए कहा कि असली भारत गांव ही में बसता है। राहुल गांधी के अलावा राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलौत ने चारा काटने वाली मशीन पर हाथ आजमाए। राहुल ने पोस्ट में लिखा कि हिमाचल ने नफरत की मानसिकता को ठुकराकर प्रगति और प्रेम को गले लगाया है। इस पर किसी ने टिप्पणी की कि गुजरात में क्या हुआ, दिल्ली एमसीडी में क्या हुआ? कल राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा, हम भारत जोड़ो यात्रा पर इसी विश्वास के साथ निकले थे कि राह कठिन होगी, मगर बदलाव मुमकिन है और 100 दिनों के सबके प्यार और सौहार्द्र से यह विश्वास और भी पुख्ता हो गया है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित सभी कांग्रेस विधायक आज राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए। इस यात्रा के दौरान राहुल गांधी के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट में भी केस दर्ज हुआ था, ये केस केजीएफ 2 की म्यूजिक लेबल कंपनी एमटीआर ने दर्ज कराया था, कंपनी का आरोप है कि राहुल ने भारत जोड़ो यात्रा के प्रमोशन में केजीएफ 2 का गाना, इस्तेमाल किया है। इसके लिए उनसे परमिशन नहीं ली गई है। म्यूजिक कंपनी एमटीआर का कहना है, कि केजीएफ 2 के हिंदी वर्जन के राइट्स पाने के लिए कंपनी ने मेकर्स को मोटी रकम चुकाई थी, लेकिन कांग्रेस ने राजनीतिक एजेंडे और मार्केटिंग उद्देश्यों के लिए, बिना किसी लाइसेंस के भारत जोड़ो यात्रा कैंपेन में साउंडट्रैक का इस्तेमाल किया। इसके बाद सॉन्ग कॉपीराइट उल्लंघन मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट ने राहुल गांधी, जयराम रमेश और सुप्रिया श्रीनेत के खिलाफ एफआईआर पर रोक लगा दी है। इस यात्रा को लेकर कुछ विश्लेषक यह कहते हैं कि इससे राहुल गांधी की जमीन से जुड़े नेता की छवि गढ़ने की कोशिश भी की जा रही है। राहुल गांधी ने 2019 चुनावों में कांग्रेस की बुरी हार की जिम्मेदारी लेते हुए पार्टी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। पार्टी नेताओं के बार-बार आग्रह पर भी वो अध्यक्ष पद को नकारते रहे। कांग्रेसियों का कहना है कि सोशल मीडिया पर राहुल गांधी को एक अपरिपक्व नेता के रूप में पेश किया जाता रहा है। कांग्रेसी नेताओं को लगता है कि राहुल गांधी ने बहुत हद तक अपने आप को एक गंभीर राजनेता के रूप में स्थापित कर लिया है। सत्ताधारी दल बीजेपी ने राहुल गांधी को एक कमजोर और मजाकिया नेता के तौर पर पेश करने की कोशिश की है। कांग्रेसी मानते हैं कि राहुल गांधी ने इस यात्रा से इस छवि को भी तोड़ दिया है। एक पुराने कांग्रेसी का कहना है कि राहुल के चरित्र को कमजोर करने की एक योजना रही होगी, उन्हें सोशल मीडिया पर अगंभीर नेता के तौर पर पेश किया जाता रहा था। उनके लिए अपशब्द इस्तेमाल किए जाते रहे थे, लेकिन इस यात्रा को अब 100 दिन हो चुके हैं और इस तरह के शब्द उनके लिए सुनाई नहीं दे रहे हैं। एक अहम बात ये भी है कि राहुल गांधी की इस यात्रा को राजनीतिक ड्रामे के रूप में नहीं देखा जा रहा है। ये जरूर है कि बहुत से लोग ये कह रहे हैं कि राहुल जो अब कर रहे हैं, उन्हें बहुत पहले ही ये करना चाहिए था। कांग्रेसी नेताओं की इन बातों का भी मजाक उड़ाया जा रहा है। जब कोई कांग्रेसी इस यात्रा को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करता है, तो अधिकतम टिप्पणियाँ उन्हीं के विरुद्ध होती हैं।

## चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"धुन" "गीत" "फिल्म" "चोरी"

धुन चुराई है जानकर उसने, गीत भी दूर से चुराया है,
फिल्म चोरी ही पे टिकी होगी, ये हमारी समझ में आया है।
फिर भी बेशर्म हो के बैठा है, सीना जोरी भी कर रहा बूढ़ा,
वो बुढ़ापा छुपा रहा अपना,नकली बॉडी लगा के आया है।

# दो पक्षों में मारपीट का वीडियो वायरल

कैराना, 16 दिसम्बर (बु.)। तेज गति से स्कूटी चलाने के विरोध पर दो पक्षों में हुए विवाद के दौरान मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। हालांकि वीडियो कब का है और इस वीडियो में कौन-कौन लोग शामिल हैं, इसका पता अभी नहीं चल पाया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। बीते मंगलवार को मोहल्ला अंसारियान में तेज गति से स्कूटी चलाने से रोकने पर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। इस दौरान स्कूटी चालक पक्ष के लोगों ने अय्यूब के मकान में घुसकर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया। था, जिसमें अय्यूब, रिजवान, उस्मान व महिला फुरकाना घायल हो गई थी। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां से अय्यूब को हायर सैंटर रेफर कर दिया गया था।

मामले में पुलिस ने उस्मान की तहरीर पर एक व्यक्ति व उसके तीन भाइयों शब्बीर, साबिर व अहसान तथा उसके पुत्र आमिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। अब मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें तलवारनुमा हथियार लहराया जा रहा है, जो स्पष्ट नजर नहीं आ रहा है। जबकि लाठी से हमला किया जाता है। बीच-बचाव में आने वाली युवती के सिर में डंडा और थप्पड़ मारा जा रहा है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार त्यागी का कहना है कि मामले में पूर्व में ही मुकदमा दर्ज हैं, आरोपियों की तलाश की जा रही है, वहीं उन्होंने बताया की वायरल वीडियो की जांच की जा रही है की वीडियो कब की है।

# विद्युत विभाग ने मॉर्निंग रेड अभियान चलाकर पकड़ी बिजली चोरी

## -बकायेदारों से 18 लाख किए वसूल

कैराना, 16 दिसम्बर (बु.)। विद्युत विभाग की टीम ने दो गांवों में मॉर्निंग रेड अभियान चलाया। इस दौरान 31 घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई। इसके अलावा नगर में बकायेदारों से 18 लाख रुपये जमा किये गये। लाईनलॉस के चलते शुक्रवार सुबह एसडीओ ओमप्रकाश बेदी के नेतृत्व में विद्युत विभाग की टीम ने गांव इस्सोपुर खुरगान व तीतरवाड़ा में मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विद्युत विभाग की टीम ने इस्सोपुर खुरगान में 27 घरों में बिजली चोरी पकड़ी, वहीं गांव तीतरवाड़ा में 4 घरों में बिजली चोरी होती मिली। सभी स्थानों पर विद्युत विभाग की टीम ने वीडियोग्राफी कर केबिल जब्त कर लिए तथा बिजली चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई।

वहीं दिन के समय कैराना नगर में बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्युत विभाग के बकायेदारों से 18 लाख रुपये जमा किया गया। एसडीओ ओमप्रकाश बेदी ने बताया कि बिजली चोरों व बकायेदारों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। इस दौरान जेई राजेश कुमार, रवि वर्मा, टीजीटू प्रदीप सोनी, अमित राठी, सचिन तिवारी व लाइनमैन मौजूद रहें।



# राज्यमंत्री ने किया छात्रा प्रांजुल अरोरा को सम्मानित

## - एसवीएमयोगा कॉलेज की छात्रा ने बीवॉक योगा में पाया स्वर्ण पदक

मुजफ्फरनगर, 16 दिसंबर (बु.)। चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय में हुए दीक्षांत समारोह में विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध एसवीएमयोगा एण्ड हैल्थ साईसेज कॉलेज की छात्रा कु. प्रांजुल अरोरा ने स्वर्ण पदक व विशिष्ठ योग्यता प्रमाण पत्र प्राप्त कर महाविद्यालय व जनपद का नाम रोशन किया। इस सन्दर्भ में प्रदेश के व्यवसायिक एवं कौशल विकास मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने महाविद्यालय प्रांगण प्रांजुल अरोरा का अभिनन्दन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव एवं विद्या भारती के प्रांतीय मंत्री अरूण खण्डेलवाल भी उपस्थित रहे। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि छात्रा प्रांजुल अरोरा का विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करना हमारे नगर के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि आज भारत की बेटियां देश में ही नहीं विश्व के प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणीय भूमिका निभा रही है। भारत गार्गी जैसी विदुषियों का देश हैं उन्होंने कहा कि योग को पूरे विश्व में मान्यता मिली है तथा योग शिक्षक की मांग बढ़ी हैं। उन्होंने प्रांजुल अरोरा के मंगलमय भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र/छात्रा व अध्यापक भी उपस्थित रहें।

# एंटी करप्शन टीम ने ट्रैफिक व्यवस्थाओं को लेकर एसपी देहात को दिया ज्ञापन

## -व्यापारी अपने आप को पूरी तरह असुरक्षित एवं अव्यवस्थित महसूस कर रहे हैं

मुजफ्फरनगर, 16 दिसंबर (बु.)। ऑल इंडिया एंटी करप्शन सर्विस ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र चैहान एवं प्रदेश उपाध्यक्ष नितिन पांचाल के निर्देश पर मंडल अध्यक्ष डॉ. गोपाल कश्यप एवं जिला अध्यक्ष व विक्की चावला जी के नेतृत्व में एंटी करप्शन टीम ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शहर में हो रही ट्रैफिक अव्यवस्था को लेकर एक ज्ञापन दिया । एंटी करप्शन टीम ने प्रशासन को जानकारी देते हुए बताया कि कुछ समय पहले शहर में जो ट्रैफिक संबंधी व्यवस्था बनाई गई थी। वह अब पूरी तरह से अव्यवस्थित हो चुकी है। शहर के प्रत्येक चैराहे पर जाम की अव्यवस्था सड़कों पर अतिक्रमण और ई रिक्शाओं का सही रूट तय ना होना आदि समस्याएं पूर्ण रुप से दिखाई दे रही है। इसके साथ ही अब से कुछ समय पहले तक पुलिस प्रशासन द्वारा बाजार में गश्त किया जाता था मगर अब यह व्यवस्था भी बंद हो चुकी है। इन सभी समस्याओं को देखते हुए व्यापारी अपने आप को पूरी तरह असुरक्षित एवं अव्यवस्थित महसूस कर रहे हैं। इस अवसर पर एंटी करप्शन के जिला उपाध्यक्ष बादल वर्मा,



जिला महामंत्री नदीम अंसारी, नगर अध्यक्ष संजय मदान, वरिष्ठ कार्यकर्ता राजू बहोत्रा, वीरेंद्र सिंह, सन्नी अहलूवालिया, अमन पुंडीर, आशीष धीमान, विनीत पाल, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

# कार की टक्कर से विद्युत पोल क्षतिग्रस्त, घंटों आपूर्ति बाधित

खतौली, 16 दिसंबर (बु.)। तेजगति से सड़क पर दौड़ रही कार के अनियन्त्रित होकर विद्युत खम्भें से टकराने से नगर के अधिकांश क्षेत्रों की ठप्प हुई, विद्युत सप्लाई से नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह सड़क पर तेज दौड़ रही एक कार अनियन्त्रित होकर विद्युत खम्भें से टकराने से विद्युत पोल पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण विद्युत तारों के आपस में मिलने से हुए भीषण फॉल्ट से नगर की अधिकांश



कॉलोनियों की विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गयी। नगर की विद्युत आपूर्ति ठप्प होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विद्युत कर्मियों द्वारा पश्चात लगभग 8 घन्टे नगर के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति पुन: सुचारू करने पर नागरिकों ने राहत की सांस ली।

# खेल के मैदान की भूमि पर बनाये जा रहे आरआरसी का कार्य रुकवाया

कैराना, 16 दिसम्बर (बु.)। गांव रामड़ा में विकास खंड विभाग द्वारा बनाये जा रहे आरआरसी-कूड़ा निस्तारण सेंटर का कार्य तहसील प्रशासन द्वारा रूकवा दिया गया। रामड़ा के ग्रामीण ने शिकायत की थी कि उक्त सेंटर खेल के मैदान की भूमि पर बनाया जा रहा है। ब्लॉक क्षेत्र की 10 ग्राम पंचायतों में साढ़े 7 लाख की लागत में कूड़ा निस्तारण सेंटर बनाने की कार्य चल रहा है।

इसके तहत गांव रामड़ा में भी कूड़ा निस्तारण सेंटर का कार्य लगभग आधा हो चुका है। इसी बीच रामड़ा के ग्रामीण ने शिकायत की कि उक्त कूड़ा निस्तारण सेंटर खेल के मैदान की भूमि पर बनाया जा रहा है, जबकि गांव में काफी सरकारी भूमि खाली पड़ी है। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए शुक्रवार को तहसीलदार प्रियंका जयासवाल ने रामड़ा में लेखपाल को भेजकर सेंटर का कार्य रूकवा दिया। तहसीलदार प्रियंका जयासवाल ने बताया कि शिकायत मिली थी कि रामड़ा में खेल के मैदान पर कूड़ा निस्तारण सेंटर बनाया जा रहा है। कार्य को रूकवाया गया है तथा जांच के आदेश दिए गये हैं।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने दिया धरना

मुजफ्फरनगर, 16 दिसंबर (बु.)। महिला आंगनबाडी कर्मचारी संघ की जिला इकाई ने विभिन्न समस्याओं के साथ शरधकालीन अवकाश की मांग करते हुए जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व कलेक्ट्रेट में सम्पन्न धरने की अध्यक्षता गीता शुक्ला व संचालन संगीता राजपूत ने किया। शुक्रवार को महिला आंगनबाडी कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष गीरीश पाण्डे के आह्वान पर जिलाध्यक्ष कृष्णा प्रजापति के नेतृत्व में आगंनबाडी कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टेज्ट में धरणा दिया। इस दौरान महिला आगंनबाडी कर्मचारी संघ की कार्यकत्रियों ने जिला प्रशासन से शरधकालीन अवकाश की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। कलेक्ट्रेट में सम्पन्न धरने पर अधिकांश वक्ताओं ने विभागीय अधिकारियों द्वारा आंगनबाडी कार्यकत्रियों का आर्थिक व मानसिक उत्पीड़न बन्द किये जाने की मांग की। इस दौरान जिलाध्यक्ष कृष्णा प्रजापति ने कहा कि सर्दियों में केन्द्रों पर तीन से छं: वर्ष की आयु के कारण बड़ी संख्या में लाभार्थी नहीं पहुंचते ऐसी स्थिति में विभागीय अधिकारी आंगनबाडी कार्यकत्रियों का आर्थिक व मानसिक शोषण करते हैं, जबकि ऐसे हालातों में सर्दियों में प्राईमरी जू व सीनियर सभी स्कूल, कॉलेज प्रशासन द्वारा बन्द कर दिये जाते हैं। उन्होंने प्राथमिक विद्यालयों की तरहा ही आंगनबाडी केन्द्रों का शरधकालीन अवकाश घोषित किये जाने की बात की। इस दौरान फूलमेश, रितु चै., मुकेश, ममता, नीलम, मधुबाला, मंजू, पूनम, पुष्पा, अंजना, अनीता, सुधा, राधा, बबली, संगीता, चन्द्रकला, इशरत जहां रेखा व दिनेश आदि मौजूद रहे।

# गीता ज्ञान यज्ञ अमृत वर्षा कार्यक्रम का हुआ आयोजन, निकाली गई शोभायात्रा

जानसठ, 16 दिसम्बर (बु.)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से सप्ताह भागवत आयोजन किया जा रहा है, जिसमें भव्य शोभायात्रा, ज्योति जगाकर तिरंगा झंडा लहराकर यात्रा निकाली गई। भागवत सप्ताह कथा और यात्रा का शुभारंभ सीएचसी प्रभारी डॉ. अशोक कुमार और महिला सर्जन डॉ. शिखा गुप्ता द्वारा किया गया। ब्रह्मकुमारी राजयोगिनी प्रवेश बहन जी ने बताया कि मानव जीवन का उद्देश्य कहा से आया है, क्या करने के लिए आया है, इसी उद्देश्य के ज्ञान के लिए भागवत कथा का सप्ताह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जीवन बहुत अनमोल है और जीवन को बेहतर बनाने के लिए सदमार्ग पर आगे बढ़ना होगा। श्रीमद् भागवत का श्रवण जन्म जन्म के पाप,ताप, दुख और दरिद्रता मिटाने का काम करता है। भगवान की



सलाह ही जीवन को श्रेष्ठ बनाती है। ब्रह्मकुमारी शिल्पी, ब्रह्मा कुमारी प्रियांशी, लक्ष्मी, बाला,सुंदरी, राकेश, मुनेश, रितिका, ब्रह्म कुमार सोमपाल, श्रवण, बालेंद्र चौधरी प्रधान, प्रवीण, हरे कृष्णा महाराज, महिपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर शोभा यात्रा के दौरान कस्बा चौकी इंचार्ज गजेंद्र सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ चलते रहे।

# मेडिकल कॉलेज के मेधावियों को राज्यपाल ने किया सम्मानित



मुजफ्फरनगर, 16 दिसंबर (बु.)। चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय के 34वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज, मुजफ्फरनगर के 5 छात्रों को राज्यपाल एवं कुलपति आनंदी बेन पटेल द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया, छात्रों ने अपनी अंतिम वर्ष की स्नातकोत्तर परीक्षा में असाधारण प्रदर्शन किया। छात्र-छात्राओं में त्वचा विज्ञान विभाग की डॉ. पूजा सिंह रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग की डॉ. कलापाला कुरू सागर नेत्र विज्ञान विभाग की डॉ. गर्विता दास, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की डॉ. दिव्या खुशबू और कान-नाक, गला विभाग से डॉ. ख्याति कुशवाह थे।



# एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण कैंप का विधिवत शुभारंभ

भोपा, 16 दिसम्बर (बु.)। 82 यूपी बटालियन एनसीसी मुजफ्फरनगर के तत्वावधान में इंटर कॉलेज भोकरहेड़ी में एनसीसी के आठ दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण कैंप का शुक्रवार को विधिवत शुभारंभ किया गया है। कैंप में विभिन्न बटालियनों के लगभग 370 गर्ल एवं ब्वायज कैडेट्स प्रतिभाग कर रहे हैं। कैंप के प्रथम सत्र में कैंप का शुभारंभ एवं द्वितीय सत्र में ड्रिल का प्रशिक्षण दिया गया। शुक्रवार को कैंप के प्रथम सत्र में शुभारंभ करते हुए कैंप कमांडेंट कर्नल सुगंध शर्मा ने कहा कि एनसीसी सैन्य विभाग का ही एक अभिन्न अंग है। इससे कैडेट्स में देश एवं समाज सेवा का जज्बा पैदा होता है। प्रमाणपत्र धारी कैडेट्स देश एवं विदेश में अपनी योग्यताओं का परचम लहरा रहे हैं। इसके साथ ही महिलाओं को भी सुरक्षा सेनाओं में भर्ती करके उन्हें स्वावलंबी बनाने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। कैंप के दूसरे सत्र में एडम आफिसर कर्नल बकुल गौसाई के निर्देशन में कैडेट्स को ड्रिल का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें दाहिने सैल्यूट,बांये सैल्यूट, सामने सैल्यूट आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कैंप एडजुडेन्ट मेजर विजय कुमार, ट्रेनिंग आफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. एसएन सिंह,खेल प्रशिक्षक फस्ट ऑफिसर रमन सिंह, ग्राउंड आफिसर चीफ आफिसर विपिन कुमार, ट्रैनिंग एरिया आफिसर वाजिद अली, मैस आफिसर कैप्टन अरविंद कुमार सिंह सैन्य व एनसीसी आफिसर मौजूद रहे।

# किडनी मरीजों के लिए वरदान बना एस.के.बी. आरोग्यम मल्टी स्पेशिलिटी हैल्थकेयर (हॉस्पिटल)

मुजफ्फरनगर, 16 दिसम्बर (बुस.)। जनपद में बहुत कम समय में एस.के.बी. आरोग्यम मल्टी स्पेशिलिटी हैल्थकेयर (हॉस्पिटल), जानसठ रोड मैडिकल क्षेत्र में अपना विशेष स्थान बना रहा है। विशेषत: किडनी से सम्बंधित बीमारियों में। हॉस्पिटल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिनव सुशील ने बताया कि इन्द्रप्रस्थ अपोलो, नई दिल्ली से एक विशेष प्रकार का अनुबंध किया गया है, जिसमें अपोलो, दिल्ली के वरिष्ठ चिकित्सक एस.के.बी. आरोग्यम मल्टी स्पेशिलिटी हैल्थकेयर (हॉस्पिटल) में आयेंगे और मरीजों का उपचार करेंगे। साथ ही इस विशेष अनुबंध के अनुसार जो सम्बंधित ऑपरेशन मुजफ्फरनगर में होने सम्भव होंगे, वे सभी एस.के.बी. आरोग्यम मल्टी स्पेशिलिटी हैल्थकेयर (हॉस्पिटल) के अत्याधुनिक सेटअप में किये जायेंगे। इससे मुजफ्फरनगर के मरीजों व उनके परिवारजनों को अनावश्यक रूप से दिल्ली, एन.सी.आर में नहीं दौड़ना होगा और इन सभी ऑपरेशनों के रेट मुजफ्फरनगर स्तर के होंगे न कि दिल्ली स्तर के। इसी कड़ी में अपोलो के वरिष्ठ वैस्कुलर सर्जन (नसों की चिकित्सा) डॉ. नितीश आंचल ने एस.के.बी. आरोग्यम मल्टी स्पेशिलिटी हैल्थकेयर (हॉस्पिटल) में किडनी मरीजों के लिए ए.वी. फिस्टुला की पांच सर्जरी की, जिनसे मरीजों को डायलिसिस कराने में सुविधा होगी। उपरोक्त सर्जरी के लिए अभी तक मरीजों को मेरठ, गाजियाबाद या दिल्ली जाना पड़ता था। कार्यकारी अधिकारी ने यह भी अवगत कराया कि जनवरी माह से अपोलो द्वारा किडनी, कैंसर, पेट इत्यादि के लिए भी डॉक्टर्स आयेंगे व मुजफ्फरनगर में यथा सम्भव उपचार शुरू करेंगे। इसके अतिरिक्त एस.के.बी. आरोग्यम मल्टी स्पेशिलिटी हैल्थकेयर (हॉस्पिटल) द्वारा 500 डायलिसिस प्रति माह की जा रही है। हॉस्पिटल में डायलिसि के अतिरिक्त हड्डी रोग विभाग, इंटरनल मेडीसिन, जनरल सर्जरी, स्त्री एवं प्रसूति विभाग, शिशु रोग विभाग, आपातकालीन एवं ट्रोमा, एक्स-रे व अल्ट्रासाउण्ड, आई.सी.यू., सी.टी. स्कैन, पैथोलॉजी, फॉमेर्सी, एम्बुलेंस आदि सुविधाएँ भी उपलब्ध है। मुजफ्फरनगर का यह अस्पताल सही मायनों में इरमरजेंसी व ट्रोमा के मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है, क्योंकि यह सुविधा यहां दिल्ली एन.सी.आर की तुलना में 24 घंटे उपलब्ध है।

# 18 को नेवी में शामिल होगा विध्वंसक युद्धपोत मोरमुगाओ

नई दिल्ली, 16 दिसंबर (वार्ता)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 18 दिसंबर को स्वदेश निर्मित स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक युद्धपोत 'मोरमुगाओ' को भारतीय नौसेना को समर्पित करेंगे। नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई में इसे नौसेना में शामिल किया जाएगा। इससे भारतीय नौसेना की हिंद महासागर में पहुंच बढ़ेगी तथा देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा और चाकचौबंद होगी। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। इस विध्वंसक युद्धपोत को भारतीय नौसेना के 'वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो' ने डिजाइन किया है।

URGENT REQUIREMENT
REQUIRED
FEMALE STAFF
FOR THE WORK OF COMPUTER & SUPERVISION
(ATTRACTIVE SALARY)
MEET WITH RESUME
---- : CONTACT NO :----
M. 9997328639

# विहिप बजरंग दल की बैठक सम्पन्न, धर्म रक्षा दिवस कार्यक्रम तय

## - द्वारका प्रखंड अध्यक्ष नितिन तायल बने नवीन नगर अध्यक्ष

मुजफ्फरनगर, 16 दिसंबर (बु.)। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल की एक बैठक विहिप के जिला कार्यालय माता मन्दिर अंसारी रोड़ टेलीफोन एक्सचेंज के पीछे सम्पन्न हुई। बैठक में सनातन धर्म रक्षा हेतु गुरू पुत्रों फतेह सिंह जोरावर सिंह के बलिदान एवं प्रार्वतन अभियान हेतु अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले पूज्य संत स्वामी श्रद्धानंद जी के बलिदान दिवस के उपलक्ष में धर्म रक्षा दिवस कार्यक्रम करने पर विचार विमर्श किया गया। विभागाध्यक्ष ललित महेश्वरी की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा नवीन दायित्वों की घोषणा किये जाने के साथ 21 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक जनपद में प्रत्येक प्रखंड में बलिदान दिवस को




धर्म रक्षा दिवस के रूप में मनाया जाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही बैठक में 11 दिसम्बर को नगर में निकली भव्य विहिप बजरंग दल की शौर्य यात्रा की समीक्षा किये जाने के साथ भविष्य की विभिन्न कार्य योजनाओं पर विचार मंथन किया गया। बैठक में विभागाध्यक्ष ललित महेश्वरी ने नवीन दायित्वों की घोषणा करते हुए द्वारका प्रखंड अध्यक्ष नितिन तायल को नगर अध्यक्ष का नवीन दायित्व दिया गया। वहीं दूसरी ओर वर्तमान नगर अध्यक्ष विकास अग्रवाल को अगली सूचना तक दायित्वमुक्त किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता विभाग संगठन मंत्री अनुज कुमार, प्रांत सोशल मीडिया प्रमुख शिवम चौ., कोषाध्यक्ष मोहित बंसल, छात्र प्रमुख प्रतीक शर्मा, सहसेवा प्रमुख अजय, विकास अग्रवाल व शिवम आदि मौजूद रहे।

# ससुरालिये दामाद को कर रहे ब्लैकमेल

## -बीमार पत्नी को बंधक बनाने का लगाया आरोप

बुढ़ाना, 16 दिसम्बर (बु.)। एक युवक ने सीओ आफिस में दिए प्रार्थना-पत्र में ससुरालियों के विरुद्ध बेटी का इलाज कराने के नाम पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाते हुए पत्नी को वापस दिलाने की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार फहीम पुत्र कय्यूम निवासी ग्राम परासौली ने शुक्रवार को सीओ आफिस में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी शादी शबाना पुत्री फजला निवासी पीर शाह विलायत बुढाना के साथ हुई थी। उसकी पत्नी शबाना अपने मायके वालो के कहने में है, जबकि वह अपनी पत्नी को अपने पास रखना चाहता है, मगर उसके ससुरालिये उसकी पत्नी को उसके पास नहीं आने देते। उसकी पत्नी को उसके मायके वाले 20 दिन पूर्व जबरदस्ती बीमारी की हालत में अपने साथ ले गये थे और इलाज



नहीं करा रहे हैं। वह अपनी पत्नी के इलाज के रुपये ससुरालियों को दे रहा है। उसकी पत्नी को 33 बोतल खून व प्लेटलेट्स की 90 बोतलें चढ़ चुकी हैं, जिसका खर्च उसने वहन किया। वह अब तक पत्नी के इलाज में लाखों रुपए खर्च हो चुके। अब वह अपनी पत्नी को अपने पास रखकर इलाज कराना चाहता है, मगर उसके ससुरालिये उसकी पत्नी को भेजने को तैयार नहीं। कहते हैं कि ये यहीं रहेगी व इलाज का सब खर्च तुझे देना पड़ेगा। अब वो अपनी पत्नी से मिलने गया, तो उसके ससुर ने उसको तलवार दिखाई और कहा कि ये यहीं रहेगी व इलाज का पैसा तू ही देगा। अब मेहरबान, सोनू व सत्तार पुत्र फजला भी उसको धमकी दे रहे हैं कि यदि तूने इलाज नहीं कराया, तो तुझे गोली मार देगें। पीड़ित ने अब बुढ़ाना सीओ से अपनी पत्नी को वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

